सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5481	26.08.2019	26.08.2019	Hapur Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/hapur/hapur-news-hapur-news-gbd1829803113
Title:	**21 malaria cases report in district Hapur, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Hapur, SSU-Uttar Pradesh			

बरसात के साथ अब हापुड़ जिले में मलेरिया ने हमला बोल दिया है। स्वास्थ्य विभाग की लैब ने 21 नए मरीजों में मलेरिया की पुष्टि की है, जिसमें बाद इस वर्ष अप्रैल से अब तक मरीजों की संख्या बढ़कर 72 पहुंचगई है। खादर व तराई के क्षेत्रों में इसका प्रकोप और बढ़ने की आशंका है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने टीमों का गठन कर, मिनी किटों से संदिग्ध मरीजों के जांच व उपचार के निर्देश दिए हैं।

संचारी रोगों से निजात दिलाने को शासन के आदेश पर जिले में एक महीने तक जागरूकता अभियान चलाया गया था। इसमें तमाम विभागों को लोगों को डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, स्वाइन फ्लू जैसे रोगों से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश मिले थे।

जिले में अभी तक डेंगू और चिकनगुनिया का कोई मरीज नहीं पाया गया है। स्वाइन फ्लू का वायरल भी जिले में पैर नहीं पसार सका है। लेकिन मलेरिया तेजी से लोगों पर वार कर रहा है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों द्वारा कराए गए सर्वे में संदिग्ध मरीजों की जांच के बाद 21 नए मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हुईहै।

एक महीने के अंदर मलेरिया से पीड़ित इन मरीजों के मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। इन मरीजों को उपचार दिया जा रहा है। वहीं, अन्य लोगों की तलाश के लिए टीमों को शहर, गांवों में लगाया गया है।

अब तक मिल चुकेहैं 72 मरीज

अप्रैल से 31 जुलाई तक 72 मरीजों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया की पुष्टि की जा चुकी है। पिछले दो महीनों में रोगियों की संख्या में काफी इजाफा हुआहै।

-खादर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फैल सकता है मलेरिया

गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में फिलहाल बाढ़ का पानी भरा हुआहै। जैसे ही यह पानी उतरेगा, इसी के साथ मलेरिया का खतरा भी तेजी से बढ़ सकता है। हालांकि निगरानी के लिए स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ चौकियां स्थापित करा दी हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम को मलेरिया की जांच के लिए मिनी किट मिली हैं। इनके माध्यम से चिकित्सक घर घर जाकर मौके पर ही मरीज की जांच कर देते हैं। जिससे मरीजों को बेहतर उपचार भी मिल पा रहा है।

-मलेरिया के लक्षण-

सर्दी लगने के साथ ही तेज बुखार चढ़ना।

पसीना आने के बाद बुखार का कमजोर होना।

शरीर में थकावट व कमजोरी आना।

नाक आदि से खून जाना, आंखों में तेज दर्द होना।

-बचाव के तरीके-

घरों में पानी एकत्र न होने दें।

पानी में मिट्टी का तेल आदि डालें।

सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control, Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India

22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

twitter https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

समस्या होने पर चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

-जिले में महीनावार मलेरिया का हाल-

महीना मरीजों की संख्या

अप्रैल 16

मई 15

जून 20

जुलाई 21

-अधिकारी ने कहा

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजवीर सिंह का कहना है कि मच्छर जनित रोगों पर बीते वर्ष के मुकाबले काफी शिकंजा कसा गया है। मलेरिया के जो मरीज मिल रहे हैं, उन्हें बेहतर उपचार के साथ ही स्वस्थ्य किया ज रहा है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!